# 2020

# ELECTIVE HINDI

**Full Marks : 100**

**Pass Marks : 33**

**Time : Three hours**

*साधारण निर्देश :*

(i) इस प्रश्न-पत्र के **छः** खण्ड हैं : क, ख, ग, घ, ङ, च ।

(ii) प्रत्येक प्रश्न अनिवार्य है।

(iii) प्रत्येक प्रश्न के लिए निर्धारित अंक प्रश्न के सामने दिए गए हैं।

(iv) उत्तर देते समय प्रश्न-पत्र में दी गई प्रश्न-संख्या तथा निर्देशों का ध्यान रखिए।

## खण्ड – क

(पद्य – 7+15 = 22 अंक)

1. नीचे लिखे पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 7

(क) अकनीय व्यथा
चिन्ता का गुरु भार
नीरव सिसकी
धलेक रहा है, पाँव
मुझे पीछे-पीछे ।

*अथवा*

(ख) मेरा पग पग संगीत भरा
श्वासों से स्वपन-पराग झरा,
नभ में नव रंग बुनते दुकूल,
छाया में मलय-बयार पली ।

निर्देश : प्रश्न-संख्या *2* का उत्तर लगभग *40* शब्दों में, प्रश्न-संख्या *3* और *4* के उत्तर लगभग *25–25* शब्दों में, प्रश्न-संख्या *5* का उत्तर लगभग *20* शब्दों में, प्रश्न-संख्या *6* और *7* के उत्तर एक-एक वाक्य में तथा प्रश्न-संख्या *8* के उत्तर नीचे दिये गये विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर कोष्ठक में दिये वर्ण को ही उत्तर-पुस्तिका में लिखिए ।

2. 'कैदी और कोकिला' कविता के आधार पर पराधीन भारत की जेलों में दी जाने वाली यंत्रणा का वर्णन कीजिए । 4

3. 'जागरण-गीत' कविता का मूल भाव स्पष्ट कीजिए । 3

4. कबीरदास की पठित साखियों के आधार पर गुरु की महिमा का चित्रण कीजिए । 3

5. गोपियाँ उद्धव से क्या-क्या प्रश्न पूछती हैं ? 2

6. 'अखियाँ हरि दरसन की भूखी ।' 1

   —उपर्युक्त पंक्ति में निहित भाव स्पष्ट कीजिए ।

7. अज्ञानी गुरु की संगति से शिष्य को क्या फल मिलता है ? 1

8. 'ले चल वहाँ' शीर्षक कविता का रचयिता कौन है ? 1

   (क) माखनलाल चतुर्वेदी

   (ख) जयशंकर प्रसाद

   (ग) तंबि श्रीनिवासन

   (घ) महादेवी वर्मा

## खण्ड – ख
### (गद्य – 28 अंक)

9. नीचे लिखे गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 7

   (क) बीमार, कमजोर और बूढ़ों के लिए गादी का इन्तजाम किया जाए, तो बात और है । लेकिन जो शिष्ट समझे जाते हैं उनमें और दूसरों में फर्क करके उनके लिए भेद दर्शक तकिये का आसन लगाना बिल्कुल दूसरी ही चीज है ।

*अथवा*

(ख) जो होनी थी, सो हो गई । उसे कौई लौटा थोड़े ही सकता है ? खुदा नेक की नेकी रखे और बद की बदी माफ करे । मेरे लिए चिराग नहीं, तो तुम लोग तो हो ।

*निर्देश :* प्रश्न-संख्या *10* का उत्तर लगभग *40* शब्दों में, प्रश्न-संख्या *11* और *12* के उत्तर लगभग *25–25* शब्दों में, प्रश्न-संख्या *13*, *14* और *15* के उत्तर लगभग *20–20* शब्दों में, प्रश्न-संख्या *16*, *17* और *18* के उत्तर **एक-एक** वाक्य में तथा प्रश्न-संख्या *19* और *20* के उत्तर नीचे दिये गये संभावित विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर कोष्ठक में दिये गये वर्ण को ही उत्तर-पुस्तिका में लिखिए ।

10. 'मनुष्य के जीवन की सफलता' पाठ के माध्यम से लेखक क्या कहना चाहता है ? 4

11. ब्रजभूषणलाल त्रिपाठी में कौन-कौनसी विशेषताएँ थीं ? 3

12. बल्लभभाई पटेल ने किसानों की सभा में क्या कहा था ? 3

13. पाकिस्तानियों की टोली क्यों और कितने साल बाद अमृतसर आई ? 2

14. विनोबा भावे के अनुसार 'विषम व्यवहार' क्या है ? 2

15. 'पद्मावत' का सम्पादन करते हुए आचार्य रामचन्द्र शुक्ल ने क्या लिखा था ? 2

16. मनु ने सुख-दुःख का क्या लक्षण बताया था ? 1

17. चिरागदीन कौन था ? 1

18. अध्यापक किसका चरित्र-निर्माण करता है ? 1

19. 'हम तो धर्म के लिए फकीर बने हैं।' 1

—उपर्युक्त वाक्य कौन-कौन से पाठ से उद्धृत किया गया है ?

(क) मलबे का मालिक

(ख) खादी और गादी की लड़ाई

(ग) वल्लभभाई पटेल

(घ) मनुष्य के जीवन की सार्थकता

20. 'नये वर्ष के शुभ संकल्प' पाठ का लेखक कौन है ? 1

(क) मोहन राकेश

(ख) रामनाथ 'सुमन'

(ग) पं० बालकृष्ण भट्ट

(घ) रामविलास शर्मा

## खण्ड – ग

### (पूरक पुस्तक – 15 अंक)

*निर्देश :* प्रश्न-संख्या *21* और *22* के उत्तर लगभग *40–40* शब्दों में, प्रश्न-संख्या *23* और *24* के उत्तर लगभग *20–20* शब्दों में, प्रश्न-संख्या *25* और *26* के उत्तर एक-एक वाक्य में तथा प्रश्न-संख्या *27* का उत्तर नीचे दिये गये संभावित विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर कोष्ठक में दिये गये वर्ण को ही उत्तर-पुस्तिका में लिखिए।

21. मणिपुर में दीवाली कैसे मनाई जाती है ? 4

22. केम्ब्रिज में मनाए गये भारत की स्वतंत्रता दिवस का चित्रण कीजिए। 4

23. ईद कैसे मनाई जाती है ? 2

24. रवीन्द्रनाथ का सिद्धान्त क्या है ? 2

25. रवीन्द्रनाथ का जन्म कब हुआ ? 1

26. 'चैराओबा' शब्द का अर्थ क्या है ? 1

27. 'गानङाइ' मणिपुर की कौन-सी जनजाति का त्योहार है ? 1

(क) माओ जनजाति का

(ख) कबुई जनजाति का

(ग) ताङखुल जनजाति का

(घ) अनाल जनजाति का

## खण्ड – घ

### (वाचन – 10 अंक)

*निर्देश :* प्रश्न-संख्या ***28*** का उत्तर लगभग ***25*** शब्दों में, प्रश्न-संख्या ***29***, ***30*** और ***31*** के उत्तर लगभग ***20–20*** शब्दों में तथा प्रश्न-संख्या ***32*** का उत्तर **एक** वाक्य में लिखिए।

नीचे लिखे गद्यांश को ध्यान से पढ़िए और पूछे गये प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

संसार के समस्त जीवों में मनुष्य को श्रेष्ठ माना गया है, क्योंकि वह अन्य जीवों की अपेक्षा अधिक बुद्धिमान और विवेकशील है। उसमें उचित और अनुचित का ज्ञान कराने वाली बुद्धि होती है। इसी आधार पर बुद्धि के दो पक्ष होते हैं– एक, सुबुद्धि अर्थात् सुमति और दूसरी, दुर्बुद्धि अर्थात् कुमति। जब तक मनुष्य में सुमति रहती है तब तक वह अच्छे कार्यों में लगा रहता है और उसमें अच्छे बुरे का विवेक भी होता है। जब वह सुमति से हटकर कुमति में आ जाता है तब वह बुरे एवं अनुचित कार्यों में लग जाता है। जीवन में वही व्यक्ति सफल होता है जो कठिन से कठिन परिस्थिति में अपनी बुद्धि पर विश्वास रखता है तथा परिश्रम, ईमानदारी और विवेक से काम करता है।

28. मनुष्य के जीवन में कौन-सा व्यक्ति सफल होता है ? 3

29. कौन-सा मनुष्य अच्छे कार्य करता है ? 2

30. कुमति वाला व्यक्ति कौन-सा कार्य करता है ? 2

31. समस्त जीवों में मनुष्य को क्यों श्रेष्ठ मान गया है ? 2

32. 'कठिन' शब्द का विलोम शब्द लिखिए। 1

## खण्ड – ङ

### (लेखन – 10 अंक)

33. नीचे लिखे गद्यांश को ध्यान से पढ़िए और इसका सार लगभग एक-तिहाई शब्दों में लिखिए और साथ ही शीर्षक भी दीजिए : 4+1 = 5

आजकल सभी स्थानों में प्लास्टिक की थैली का प्रयोग बेतहाशा बढ़ रहा है। प्लास्टिक की थैलियाँ जलाने से धुआँ निकलता है, इससे वायु-प्रदूषण बढ़ता है। इन थैलियों को जमीन खोदकर गाड़ना भी जमीन के लिए श्रेयस्कर नहीं है, क्योंकि प्लास्टिक जमीन के अन्दर भी न तो गलेगी और न ही मिट्टी में मिलेगी। प्लास्टिक से मुक्ति का एकमात्र उपाय है कि इसका इस्तेमाल ही न किया जाय। यह काम तभी सम्भव होगा जब प्रत्येक व्यक्ति प्लास्टिक की थैली के प्रयोग से होने वाली हानि को अच्छी तरह समझेगा।

34. (क) पाओना ब्रजवासी की जीवनी लगभग *60 – 80* में लिखिए। 5

*अथवा*

(ख) आप अपने जीवन में घटित एक स्मरणीय घटना का वर्णन लगभग *60 – 80* शब्दों में लिखिए। 5

## खण्ड – च

### (व्याकरण – 15 अंक)

*निर्देश :* प्रश्न-संख्या *35* का उत्तर लगभग *40* शब्दों में, प्रश्न-संख्या *36* का उत्तर लगभग *25* शब्दों में, प्रश्न-संख्या *37* और *38* के उत्तर लगभग *20 – 20* शब्दों में तथा प्रश्न-संख्या *39* से *42* तक के उत्तर एक-एक शब्द या शब्द-समूह या वाक्य में लिखिए।

35. अन्विति किसे कहते हैं ? यह कितने प्रकार की होती है ? अन्विति का एक नियम उदाहरण सहित लिखिए। 4

36. संज्ञा-रूपान्तर किसे कहते हैं ? संज्ञा-रूपान्तर के कारणों को स्पष्ट कीजिए। 3

37. कुछ स्त्रीलिंग शब्दों के रूप इनके पुल्लिंग रूपों से एकदम भिन्न होते हैं। चार उदाहरणों द्वारा इस बात को स्पष्ट कीजिए। 2

38. करण कारक और अपादान कारक में क्या अन्तर है ? सोदाहरण स्पष्ट कीजिए। 2

39. 'हाथ तंग होना' मुहावरे को वाक्य में प्रयोग कीजिए। 1

40. 'न रहेगा बाँस, न बजेगी बाँसुरी' लोकोक्ति का अर्थ स्पष्ट कीजिए। 1

41. कर्मकारक में पुरुषवाचक सर्वनाम 'हम' का कौन-सा रूप होना चाहिए ? 1

42. 'पानी' और 'पाणि' शब्दों के अर्थ स्पष्ट कीजिए। 1

---